जामताली में एक ही रात चार घरों में चोरी लाखों के आभूषण और नकदी पार

घटना से ग्रामीणों में दहशत

बनीतेरहमील, प्रतापगढ़। रानीगंज थाना क्षेत्र के जामताली के बसहा गांव में चोरों ने एक ही रात चार घरों को निशाना बनाकर लाखों रुपये के आभूषण और नकदी पार कर दी। घटना के दौरान घर के बरामदे में सो रहे परिजनों को चोरी की भनक तक नहीं लगी। सुबह दरवाजे और बक्से टूटे देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

बसहा गांव निवासी चौहरजा प्रसाद सरोज के घर में चोर पीछे के दरवाजे का ताला तोड़कर घुसे। इसके बाद कमरे का ताला तोड़कर अंदर रखे बक्से को खंगाला। उसमें रखी करीब २५ हजार रुपये की नकदी और लाखों रुपये के आभूषण चोर उठा ले गये। इसके बाद चोरों ने गांव के ही लालजी सरोज, प्यारेलाल सरोज और शिवलाल सरोज के घरों को निशाना बनाया। तीनों घरों के कमरों के ताले तोड़कर बक्सों में रखी नकदी, आभूषण सहित अन्य सामान चोरी कर लिया। सुबह चौहरजा प्रसाद के परिजन उठे तो पीछे का दरवाजा खुला मिला। कमरे में टूटी पेटी और बिखरा सामान देखकर उनके होश उड़ गये। जानकारी होने पर ग्रामीण अन्य पीड़ितों के घर पहुंचे तो वहां भी ताले टूटे और सामान बिखरा मिला। एक ही रात चार घरों में चोरी की जानकारी होते ही गांव में बड़ी संख्या में लोग जुट गये। सूचना पर जामताली चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ितों से पूछताछ की। फोरेंसिक टीम ने भी मौके से फिंगर प्रिंट के नमूने जुटाये हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। एक साथ चार घरों में चोरी से ग्रामीणों में दहशत है। लोगों ने पुलिस अधीक्षक से जल्द घटना का खुलासा कर आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग की है।



लालगंज सीएचसी परिसर में निकली रैली में शामिल आशा कार्यकर्त्रियों।

मानदेय वृद्धि को लेकर आशा कार्यकर्त्रियों ने निकाली रैली

लालगंज, प्रतापगढ़। मानदेय वृद्धि की मांग को लेकर गुरुवार को आशा बहुओं ने सीएचसी परिसर में रैली निकाली।

वहीं मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भी अधीक्षक को सौंपा। आल इण्डिया आशा बहू कार्यकत्री कल्याण सेवा समिति के बैनर तले किये गये प्रदर्शन में आशा कार्यकत्रियों एवं आशा संगिनियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से मानदेय में वृद्धि के शासनादेश को निर्गत किये जाने की गुहार लगाई है। वहीं कार्यकर्त्रियों ने अधीक्षक डा. अरविन्द गुप्ता को सीएम को संबोधित ज्ञापन भी सौंपा। इस मौके पर मिथिलेश सिंह, आशा गौड़, मीना सिंह, संगिनी उमा, केश कुमारी, मनीषा आदि मौजूद रहे।

जेम पोर्टल की कार्यप्रणाली से रूबरू हुए अधिकारी, कर्मचारी, उद्यमी एवं व्यापारी



विकास भवन सभागार में जेम पोर्टल कार्यशाला में जुटे अधिकारी एवं कर्मचारी।

प्रतापगढ़। विकास भवन सभागार में जेम पोर्टल २.० के संबंध में जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमी संगठनों के प्रतिनिधियों और व्यापारियों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला में सरकारी खरीद प्रक्रिया से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी और पोर्टल के उपयोग का प्रशिक्षण दिया गया। दिल्ली से आए तुषार अग्रवाल ने जेम पोर्टल २.० का विस्तृत प्रस्तुतिकरण किया। उन्होंने पोर्टल की कार्यप्रणाली, आनलाइन खरीद प्रक्रिया, उत्पाद एवं सेवाओं की उपलब्धता तथा पोर्टल के प्रभावी उपयोग से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। प्रतिभागियों को पोर्टल पर उपलब्ध सुविधाओं और खरीद प्रक्रिया के विभिन्न चरणों को विस्तार से समझाया गया। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों ने जेम पोर्टल से संबंधित सवाल पूछे, जिनका प्राशिक्षक ने समाधान किया। अधिकारियों, कर्मचारियों, उद्यमियों और व्यापारियों को सरकारी खरीद व्यवस्था में पोर्टल की भूमिका और उससे जुड़ी प्रक्रियाओं की जानकारी मिली। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग साहब सरन रावत, जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेंद्र कुमार मौर्य, सहायक आयुक्त उद्योग अजय प्रसाद सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, उद्यमी संगठनों के प्रतिनिधि और व्यापारी मौजूद रहे।

स्कार्पियो की टक्कर से ई-रिक्शा चालक की मौत

बाबागंज, प्रतापगढ़। महेशगंज थाना क्षेत्र के हुलासगढ़ बाजार के सामने बुधवार देरशाम तेज रफ्तार स्कार्पियो की टक्कर से ई-रिक्शा सवार की मौत हो गयी। हादसे में मृतक की पहचान विश्वनाथ सरोज के रूप में हुई। उनके पुत्र राजेश कुमार सरोज की तहरीर पर महेशगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया गया कि विश्वनाथ सरोज हुलासगढ़ बाजार के सामने अपना ई-रिक्शा रोककर खड़े थे। इसी दौरान प्रतापगढ़ की ओर से आ रही तेज रफ्तार स्कार्पियो ने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे में विश्वनाथ गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेशगंज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने आरोप लगाया कि स्कार्पियो चालक नशे में था और लापरवाही से वाहन चला रहा था। महेशगंज पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक शमशेर आलम को सौंपी गयी है।

युवती का अपहरण, आरोपित के खिलाफ मुकदमा

लालगंज, प्रतापगढ़। युवती के अपहरण को लेकर उदयपुर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के अठेहा पूरे लाला निवासी मो. उमर की पत्नी सायरा बानो ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि उसकी उन्नीस वर्षीया बेटी पांच अक्टूबर को अपने पुराने घर गयी थी। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि उसी समय पूरे ओझा अठेहा निवासी आरोपित शिवा ओझा उर्फ आदर्श पुत्र अनिल उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया।



लालगंज के सरस्वती विद्या मन्दिर में साहित्यकार को सम्मानित करते प्राचार्य एवं निदेशक।

वायुसेना दिवस पर महाविद्यालय में साहित्यकारों को मिला सम्मान

लालगंज, प्रतापगढ़। नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरुवार को वायुसेना दिवस पर विविध आयोजन हुये। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्य डा. अमित सिंह एवं निदेशक डा. संदीप कुमार मिश्र ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

इस दौरान मेधावी छात्र छात्राओं शिखा, अमीशा, वंदना, शुभांगी, अंजली द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा की मजबूती पर आधारित मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुतियां हुई। वरिष्ठ साहित्यकार लवलेश यदुवंशी एवं साहित्यकार संतोष कुमार सिंह की रचना से कार्यक्रम में राष्ट्रीयता का जोश गुंजायमान हुआ दिखा। मुख्य अतिथि वायुसेना के पूर्व विंग कमाण्डर मनोज सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डा. संदीप सिंह ने राष्ट्रीय सुरक्षा में भारतीय सेना के गरिमामयी योगदान का बखान किया। अरूण शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। वहीं प्राचार्य डा. अमित एवं निदेशक डा. संदीप द्वारा अतिथि साहित्यकारों को सम्मानित भी किया गया। संचालन छात्रा खुशी केसरवानी तथा सहसंयोजन हिन्दी विभागाध्यक्ष डा. अम्बिकेश त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर डा. ओपी द्विवेदी, डा. आशुतोष शुक्ला, डा. दुर्गेशचन्द्र विश्वकर्मा, डा. भूपेन्द्र, डा. रोहिणी, डा. अनीता त्रिपाठी आदि रहे।

शौहर सहित छः के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का केस

प्रतापगढ़। देल्हूपुर थाना क्षेत्र के खरवई निवासी जाहिद अली की बेटी जहांआरा का निकाह २०१६ में इलाके के रंगोली कनेस्ता निवासी मुश्ताक अली के साथ हुआ था। आरोप है कि निकाह के बाद से ही ससुराल के लोग ट्रक फाइनेंस कराने के लिए मायके से पांच लाख रुपये ले आने के लिए प्रताड़ित करने लगे। कुछ दिन बाद उसने बेटी को जन्म दिया। ७ सितंबर को शौहर सहित पूरे परिवार के लोगों ने उसे मारापीटा। वह अपने भाई को बुलाकर मायके चली आई। पीड़िता ने मामले में शौहर मुश्ताक अहमद, देवर इश्तियाक अहमद, ननद सादिया बानो, सानिया बानो, ससुर खुर्शीद और महफूज के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

फल लदा वाहन पलटा, कूदकर व्यापारी ने बचायी जान

प्रतापगढ़। कुंडा कोतवाली क्षेत्र के नया पुरवा सुजौली गांव निवासी राजेन्द्र सोनकर फल का थोक और फुटकर कारोबार करता है। बुधवार रात वह अपने वाहन से फल लेने कानपुर मंडी गया था। गुरुवार को वह फल लादकर घर लौट रहा था। गांव के पहले ही अचानक गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गयी। फल कारोबारी ने कूद कर अपनी जान बचाई, हालांकि इस दौरान उसे मामूली चोटें आई। आसपास के लोगों ने वाहन को सीधा करवाकर फलों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।

नवरात्र के पहले चंद्रिका धाम की दुरुस्त करायी जाय व्यवस्था-डीएम

मन्दिर परिसर में गंदगी देख जतायी नाराजगी



मां चंद्रिकाधाम में श्रद्धालुओं के स्नान के लिये बनाये गये तालाब का निरीक्षण करते डीएम अभिषेक पाण्डेय।

संडवाचंद्रिका, प्रतापगढ़। जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय गुरुवार को मां चन्द्रिका देवी धाम का निरीक्षण करके शारदीय नवरात्र को लेकर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधाओं, साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, पेयजल, शौचालय तथा अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराने का निर्देश दिया। मंदिर परिसर में गंदगी देख कडी नाराजगी जताते हुए बीडीओ को तत्काल इसकी सफाई कराने का निर्देश दिया। उन्होंने धाम की व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करने की चेतावनी दी।

निरीक्षण के दौरान मंदिर में लगाई गयी दानपेटी के संबंध में जानकारी ली। इस पर डीएम ने तहसीलदार सदर को निर्देश देते हुए कहा कि मंदिर के बारे में मेला कमेटी को नोटिस भेज कर उनके अभिलेखों की जांच की जाय। मंदिर परिसर में क्षतिग्रस्त टीनशेड को देखते हुए ग्राम प्रधान को टीनशेड एवं स्टील नेट लगाए जाने की का स्टीमेट तैयार कर बीडीओ को भेजने का निर्देश दिया। परिसर में खराब हाईमास्ट लाइट की मरम्मत के लिए भी खर्च का स्टीमेट तैयार कर निर्धारित तिथि तक प्रस्तुत करने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान जर्जर एवं क्षतिग्रस्त विद्युत तार पाए जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को इन्हें चार दिवस के भीतर दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। वहीं सांसद निधि से स्थापित वाटर कूलर बंद मिलने पर बताया गया कि स्टेप्लाइजर खराब होने के कारण वाटर कूलर संचालित नहीं हो रहा है। जिस पर उन्होंने पीडी को आवश्यक काररवाई कर वाटर कूलर संचालित कराने के निर्देश दिए। मंदिर परिसर में शौचालय की मरम्मत के लिए ग्राम प्रधान एवं खण्ड विकास अधिकारी को आवश्यक काररवाई करने के निर्देश दिये गये।

इसके बाद वह श्रद्धालुओं के स्नान के लिए बनाए गये सगरा (तालाब) का निरीक्षण किया। ग्राम प्रधान ने बताया कि यहां दशहरा पर्व पर रावण दहन एवं दशहरा मेले का आयोजन होता है। निरीक्षण में तालाब की बाउंड्रीवाल क्षतिग्रस्त मिली। जिस पर बीडीओ को निर्देश देते हुए तालाब की बाउंड्रीवाल के निर्माण कार्य को क्षेत्र पंचायत योजना में सम्मिलित कर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। साथ ही सगरा के रंग-रोगन का कार्य बीबीरामजी योजना से दशहरा से पूर्व कराने तथा मंदिर परिसर में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मां चन्द्रिका देवी का दर्शन-पूजन भी किया। इस दौरान तहसीलदार सदर ,बीडीओ इशरत रोमेल थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिरोही मौजूद रहे।

सड़क पर छुट्टा मवेशियों के झुंड बन रहे जानलेवा



सड़क पर झुंड में बैठे आवारा मवेशी।

परियावां, प्रतापगढ़। कालाकांकर विकासखंड क्षेत्र में हाईवे और संपर्क मार्गों पर छुट्टा मवेशियों का जमावड़ा राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। सड़क पर बैठे मवेशी वाहन की रोशनी पड़ते ही अचानक दौड़ने लगते हैं, जिससे दोपहिया वाहन सवारों के घायल होने की घटनाएं आए दिन हो रही हैं। विशेषकर रात के समय दुर्घटना का खतरा अधिक बढ़ जाता है।

राष्ट्रीय राजमार्ग पर आलापुर चौराहा, नवाबगंज, परियावां सहित क्षेत्र की विभिन्न सड़कों पर मवेशियों के झुंड देखे जा सकते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर बैठे पशुओं के कारण वाहन चालकों को अचानक ब्रेक लगाना पड़ता है, जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है। कालाकांकर विकासखंड क्षेत्र में अंधरीपुर, झोकवारा, अतौलिया, जाजूपुर और काशीपुर ग्राम पंचायतों में पांच गोशालाएं संचालित हैं। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि गोशालाओं का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। हाल में अतौलिया गोशाला में पशुओं के बैठने की जगह कम मिलने पर चबूतरा बनवाने के निर्देश ग्राम पंचायत सचिव को दिये गये हैं। गोशालाओं में चारा, भूसा, पानी और उपचार की व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश भी दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायतों से प्राप्त लिखित शिकायतों के आधार पर छुट्टा पशुओं को गोशालाओं में भेजने की प्रक्रिया चल रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अभियान चलाकर छुट्टा मवेशियों को सड़कों से हटाकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की मांग की है।

फोटो पहचान पत्र न होने पर १० वैकल्पिक दस्तावेजों से कर सकेंगे मतदान

प्रतापगढ़। लखनऊ खंड स्नातक एवं लखनऊ खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन-२०२६ के लिए २३ अक्टूबर को मतदान होगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रेम चन्द्र मौर्य ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान के दौरान मतदाताओं को पहचान संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं के पास निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता फोटो पहचान पत्र उपलब्ध है, उन्हें मतदान के समय इसे प्रस्तुत करना होगा। यदि किसी मतदाता के पास फोटो पहचान पत्र नहीं है या वह उसे प्रस्तुत करने में असमर्थ है तो आयोग द्वारा निर्धारित १० वैकल्पिक दस्तावेजों में से किसी एक के जरिए अपनी पहचान स्थापित कर मतदान कर सकेगा। वैकल्पिक दस्तावेजों में आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट और केंद्र अथवा राज्य सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्थानीय निकाय या निजी औद्योगिक संस्थान द्वारा कर्मचारियों को जारी सेवा पहचान-पत्र शामिल हैं। इसके अलावा सांसद, विधायक और पार्षदों को जारी सरकारी पहचान-पत्र तथा संबंधित शिक्षक या स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक को नियोजित करने वाली शैक्षिक संस्था का सेवा पहचान-पत्र भी मान्य होगा। विश्वविद्यालय द्वारा जारी डिग्री या डिप्लोमा का मूल प्रमाण-पत्र, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता संबंधी मूल प्रमाण-पत्र तथा यूनिक डिसएबिलिटी आईडी कार्ड भी वैकल्पिक पहचान दस्तावेज के रूप में स्वीकार किये जाएंगे। अधिकारियों ने मतदाताओं से मतदान के दिन निर्धारित पहचान दस्तावेज साथ लाने की अपील की है।

विवाहिता ने फांसी लगाकर दी थी जान, चार के खिलाफ केस दर्ज

प्रतापगढ। कंधई थाना क्षेत्र के पूरे देवजानी गांव में संतान न होने के ताने मिलने के कारण विवाहिता ने फांसी लगाकर जान दी थी। मृतका के पिता ने मामले में दामाद सहित चार के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पूरेदेवजानी गांव में जाकिर अली की ३० वर्षीय पत्नी फरहीन बानो ने २८ को घर के भीतर टिनशेड की बल्ली में फांसी लगाकर जान दे दी थी। मृतका के पिता रानीगंज के विष्णुपुर कला निवासी मो. तौफीक ने आरोप लगाया है कि उसे संतान न होने के कारण ससुराल के लोग प्रताड़ित कर रहे थे। साथ ही शादी में दहेज का सामान खराब देने का आरोप लगा रहे थे। इस कारण उसने फांसी लगाकर जान दे दी। मो. तौफीक की तहरीर पर पुलिस ने शौहर जाकिर अली, ससुर आबिद अली, ननद सायमा और शाहीन के खिलाफ उत्पीड़न का केस दर्ज किया है।

नौ साल से फरार हत्या के दो इनामी आरोपित गिरफ्तार

रुकसाना बानो और मोहम्मद मुस्लिम पर था २५-२५ हजार रुपये का इनाम

प्रतापगढ़। हत्या के मामले में नौ साल से फरार चल रहे २५-२५ हजार रुपये के दो इनामी आरोपितों को कुंडा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये आरोपितों में रुकसाना बानो पत्नी मोहम्मद मुस्लिम और मोहम्मद मुस्लिम पुत्र मोहर्रम अली निवासी टिकरिया बुजुर्ग शामिल हैं। दोनों के खिलाफ न्यायालय से गैर जमानती वारंट जारी था।

पुलिस के अनुसार वर्ष २०१७ में टिकरिया बुजुर्ग निवासी महिला ने आरोप लगाया था कि उसके पति दुकान खोलने गये थे। वहां रुकसाना बानो, मोहम्मद मुस्लिम और अमन ने उनके साथ मारपीट की थी। गंभीर चोट लगने से उनकी मौत हो गयी थी। मामले में कुंडा कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के बाद से दोनों आरोपित फरार चल रहे थे। उनके खिलाफ कुर्की की कारवाई कर आरोप पत्र न्यायालय भेजा गया था।

पहले दोनों पर एक-एक हजार रुपये का इनाम था, जिसे पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने बढ़ाकर २५-२५ हजार रुपये कर दिया था।

अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनन्दन राय और सीओ कुंडा शिव नारायण वैस के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह की टीम ने मुखबिर की सूचना पर शेखपुर आशिक चौराहे के पास दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

निषेधाज्ञा के बावजूद जुलूस निकालने पर २०० के खिलाफ मुकदमा

प्रतापगढ़। नगर कोतवाली क्षेत्र में निशेधाज्ञा लागू होने के बावजूद बिना अनुमति जुलूस निकालने और सड़क जाम करने के आरोप में पुलिस ने चार नामजद सहित १५०-२०० अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार सात अक्तूबर को दोपहर करीब १२ बजे मीरा भवन स्थित सपा कार्यालय पर ४००-५०० कार्यकर्ता एकत्र हुए। इसके बाद जुलूस निकालकर सिविल लाइन बस स्टैंड होते हुए अंबेडकर चौराहे पर सड़क जाम कर दिया गया। प्रदर्शन कारियों ने पुतला दहन का प्रयास किया। पुलिस ने रोकने और आग बुझाने का प्रयास किया तो आरोप है कि प्रदर्शनकारियों ने पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की की, जिसमें कुछ पुलिसकर्मियों को चोटें आईं। सिविल लाइन चौकी प्रभारी अंकित कुमार तिवारी की तहरीर पर राम खेलावन यादव, चंद्रशेखर पाल, जावेद अख्तर और संदीप यादव सहित अन्य के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।



कम्पनी बाग में प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

नियमितीकरण सहित अन्य मांगों को लेकर संविदा कर्मियों ने सौंपा ज्ञापन

परियावां, प्रतापगढ़। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम के संविदा कर्मचारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालाकांकर के अधीक्षक डा. राजीव द्विवेदी को ज्ञापन सौंपा। संविदा चिकित्सकों के नेतृत्व में कर्मचारियों ने नियमितीकरण सहित अन्य मांगों के शीघ्र समाधान की मांग की।

ज्ञापन में संविदा कर्मचारियों को नियमित करने, समान कार्य के लिए समान वेतन, कैशलेस स्वास्थ्य बीमा, महंगाई भत्ता (डीए), ईपीएफ, एचआरए और ग्रेच्युटी का लाभ देने की मांग की गयी। इसके अलावा गैर जनपद स्थानांतरण नीति लागू करने, सेवाकाल में मृत्यु होने पर आश्रित को अनुकंपा नियुक्ति देने तथा नियमित पदों की भर्ती में संविदा कर्मचारियों के लिए २५ प्रतिशत कोटा निर्धारित करने की मांग रखी गयी।

कर्मचारियों ने बताया कि मांगों को लेकर पांच, छह और सात अक्तूबर को काला फीता बांधकर विरोध दर्ज कराया गया।

आठ, नौ और १० अक्तूबर को प्रदेश के सभी जनपद मुख्यालयों पर शांतिपूर्ण कार्य बहिष्कार और कार्यविराम किया जायेगा। मांगों का समाधान नहीं होने पर १२ अक्तूबर से प्रदेशभर के संविदा कर्मचारी लखनऊ पहुंचकर धरना-प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक प्रमोद मौर्या, संदीप कुमार, अवध राज, उर्मिला, कंप्यूटर आपरेटर शिवनारायण, एलटी अनुराग शुक्ला सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

पोषाहार चोरी को लेकर दो के खिलाफ केस दर्ज

लालगंज, प्रतापगढ़। आंगनबाड़ी केन्द्र के भवन से ताला तोड़कर पोषाहार चोरी किये जाने की घटना हुई है। कार्यकर्ता की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद आरोपितों के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया है। पूरे राधे स्थित पंचायत भवन में केन्द्र का पोषाहार रखा हुआ था।

सांगीपुर बाल विकास परियोजना के अन्तर्गत पेड़रियां गांव में आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है। यहां तैनात कार्यकर्ता गीता यादव पत्नी राजकुमारी ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि उसे द्वारा बच्चों के वितरण हेतु पूरे राधे पंचायत भवन में पोषाहार रखा गया था।

बीती तीन अक्टूबर को सुबह साढ़े दस बजे वह पोषाहार वितरण के लिये पहुंची तब पंचायत भवन का ताला टूटा मिला। इसके तहत भवन से चावल एवं दलिया तथा पंजीरी गायब मिली। कार्यकर्ता के मुताबिक जानकारी करने पर गांव के ही धीरज पुत्र रामकुमार गौतम एवं सुशील पुत्र राजेन्द्र यादव द्वारा चोरी की गयी है।

तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। एसओ उदयपुर दीप नारायण का कहना है कि केस दर्ज किया गया है जांच कर कारररवाई की जायेगी।

अज्ञात वाहन की टक्कर से ई-रिक्शा पलटा, तीन घायल

लालगंज, प्रतापगढ़। अज्ञात वाहन की टक्कर से ई-रिक्शा चालक तथा महिला को चोटे आ गयी।

लालगंज कोतवाली के नया का पुरवा गौखाड़ी निवासी मनीष पुत्र शिवपाल ई-रिक्शा लेकर गुरुवार को सुबह ग्यारह बजे निकला था। वह लालगंज से सवारी लेकर रानीगंज कैथौला जा रहा था। राजेन्द्र नगर तिराहे के समीप अज्ञात वाहन ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। इसके चलते ई-रिक्शा पलट गया। दुर्घटना में ई-रिक्शा चालक मनीष तथा रसूली बाजार तकिया निवासी हसीना बानो (४०) पत्नी स्व. इद्रीश तथा जलेसरगंज निवासी प्रियंका (१९) पुत्री जयप्रकाश वर्मा को चोटे आ गयी। सूचना मिलने पर एम्बुलेंस द्वारा घायलों को उपचार के लिए लालगंज ट्रामा सेंटर लाया गया।

मकान का काम अधूरा छोड़ने पर दो के खिलाफ मुकदमा

बाबागंज, प्रतापगढ़। नए मकान में खिड़की और दरवाजा लगाने का ठेका लेकर काम अधूरा छोड़ने और रुपये वापस न करने के आरोप में महेशगंज पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कमलेश नारायण पांडेय की तहरीर पर सात अक्तूबर को प्राथमिकी दर्ज की गयी। तहरीर के अनुसार मकान में काम कराने के लिए लवली उर्फ लवकेश प्रजापति और निर्भय सिंह को कुल २.२५ लाख रुपये का ठेका दिया गया था। आरोप है कि लवली को बैंक खाते और नकद के माध्यम से १.६३ लाख ५०० रुपये तथा निर्भय सिंह के खाते में ८२ हजार ५०० रुपये भेजे गये। दोनों ने पूरी रकम लेने के बाद मकान का करीब १० प्रतिशत काम ही कराया। आरोप है कि इसके बाद दोनों ने शेष काम कराने अथवा रुपये वापस करने से मना कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।



सगरा सुन्दरपुर में पीडीए पंचायत को सम्बोधित करते सपा के राष्ट्रीय सचिव राम आसरे विश्वकर्मा।

ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस का पैदल मार्च

काली पट्टी बांधकर कंपनी बाग से कलेक्ट्रेट तक निकाला मार्च

प्रतापगढ़। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस का आंदोलन गुरुवार को भी जारी रहा। जिला अध्यक्ष डा. नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कंपनी बाग से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकाला। कार्यकर्ताओं ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया और इसे काला दिवस के रूप में मनाया।

कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा गया। मार्च का समापन डा. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष हुआ। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने 'वोट चोर-गद्दी छोड़' सहित विभिन्न नारे लगाए। जिला अध्यक्ष ने दिल्ली पुलिस द्वारा राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किये जाने को लेकर सवाल उठाये और इसे लोकतंत्र एवं संविधान से जुड़ा मुद्दा बताया। जिला उपाध्यक्ष विजय शंकर त्रिपाठी एवं इम्तियाज अहमद ने एसआईआर और मतदाता सूची से जुड़े मुद्दों पर पारदर्शिता एवं जवाबदेही की मांग की। महिला कांग्रेस अध्यक्ष सरोज कश्यप और पूर्व पट्टी विधानसभा प्रत्याशी सुनीता सिंह पटेल ने कहा कि मांगों के समर्थन में आंदोलन जारी रहेगा। मार्च में वेदांत तिवारी, बशीर पहलवान, राम शिरोमणि वर्मा, डा. प्रशांत देव शुक्ल, इरफान अली, प्रेम शंकर द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

हाईवे किनारे पेड़ की हुई कटायी, दो घंटे गुल रही बिजली

प्रतापगढ़। शहर से गुजरे प्रयागराज-अयोध्या राजमार्ग को जल्द ही फोरलेन करने की तैयारी है। बाधक बन रहे पेड़ और बिजली के पोल तार को हटाया जा रहा है। गुरुवार को सुबह के समय रूपापुर उपकेंद्र के जायेगापुर, बाबागंज उपकेंद्र के आसपास दो मोहल्ले में हाईवे किनारे पेड़ की कटाई के समय दो घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रही। बता दें कि पेड़ की कटाई कराने के बाद अब हाईवे पर नए प्वाइंट पर बने नाला के करीब ही बिजली के पोल, तार, ट्रांसफार्मर को लगाया जायेगा।

कार के लिए विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

प्रतापगढ़। जेठवारा थाना क्षेत्र के डेरवा बाजार निवासी ओमप्रकाश अग्रहरि की बेटी नैंसी की शादी २०२३ में प्रयागराज के सोरांव के मलाक के विकास अग्रहरि के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल के लोग उसे कार की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे। बेटा होने के बाद भी लोग उसके साथ मारपीट करते रहे।

२७ मई को मारपीट कर उसका जेवर आदि छीनकर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने मामले में पति विकास अग्रहरि, ससुर सुभाष अग्रहरि, सास आरती, देवर विवेक और रवि के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

पीडीए पंचायत में भाजपा सरकार पर बरसे सपा के राष्ट्रीय सचिव

प्रतापगढ़। समाजवादी पार्टी के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं राष्ट्रीय सचिव रामआसरे विश्वकर्मा ने विश्वनाथगंज विधानसभा के सगरा सुंदरपुर स्थित शिवराज उत्सव वाटिका और सदर विधानसभा के चिलबिला स्थित राधे पैलेस में जनसंवाद एवं पीडीए पंचायत को संबोधित किया। उन्होंने भाजपा सरकार पर महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की समस्याओं को लेकर निशाना साधा।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में छात्र, नौजवान, किसान, पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक परेशान हैं। परीक्षा व्यवस्था, रोजगार और आरक्षण को लेकर सरकार की नीतियों पर भी उन्होंने सवाल उठाए। उन्होंने दावा किया कि सरकारी भर्तियों में आरक्षित वर्ग के पदों पर सामान्य वर्ग की नियुक्तियां की गईं और कई परीक्षाओं के पेपर लीक होने से युवाओं को नुकसान हुआ।

रामआसरे विश्वकर्मा ने कहा कि विश्वकर्मा समाज के हित में सपा सरकार में किये गये कार्यों को भाजपा सरकार ने समाप्त कर दिया। उन्होंने पीडीए वर्ग के साथ कथित भेदभाव और कानून-व्यवस्था को लेकर भी सरकार पर आरोप लगाए।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से २०२७ में सपा की सरकार बनाने के लिए संघटन को मजबूत करने का आह्वान किया। इस दौरान पूर्व विधायक नागेंद्र सिंह, राजकुमार पाल, अब्दुल कादिर जिलानी, भईयाराम पटेल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

संजय विश्वकर्मा, सुभाष विश्वकर्मा सहित कई लोगों ने सपा की सदस्यता ग्रहण की।

दीवार में सेंध काटकर हजारों की चोरी

प्रतापगढ़। बेखौफ चोरों ने पक्की दीवार में नकब लगाकर नकदी, जेवरात, कपड़े, बर्तन आदि सहित हजारों का सामान पार कर दिया। घटना की जानकारी सुबह सोकर उठने पर हुई तो हड़कम्प मच गया।

संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के सेमरा धना टिकरिया गांव निवासी गनेशी लाल पटेल के घर बुधवार रात पक्की दीवार में चोर नकब लगाकर भीतर घुसे। बाक्स, आलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे २० हजार रुपये नकद, सोने चांदी के जेवरात, कपड़े, बर्तन आदि हजारों का सामान समेट ले गये। घटना की जानकारी सुबह सोकर उठने पर हुई तो परिजनों में हड़कंप मच गया। पीड़ित ने मामले की तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस ने मामले की जांच कर काररवाई करने की बात कही।